# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 12 जून 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. जल शक्ति मंत्रालय के 'जल संचय, जनभागीदारी' अभियान में राजस्थान का कौन सा जिला पूरे देश में दूसरे स्थान पर रहा था?**

(a) अजमेर

(b) भीलवाड़ा

(c) बीकानेर

(d) इनमें से कोई नही

◆केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय ने 'जल संचय, जनभागीदारी' अभियान चलाया था, जिसमें भीलवाड़ा जिले ने दूसरा स्थान प्राप्त किया था।

◆ 1 अप्रैल 2024 से 31 मई 2025 तक सर्वाधिक काम करने वाले जिलों और प्रदेशों की रैंकिंग जारी की गई थी, जिसमें भीलवाड़ा ने दूसरा स्थान हासिल किया था।

◆मध्य प्रदेश का खंडवा जिला पहले स्थान पर रहा है

अभियान में राजस्थान का पूरे देश में तीसरा स्थान रहा था

01. हाल ही में राजस्थान से किसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद में सदस्य मनोनीत किया गया है?

(A) प्रो. गौरव वल्लभ

(B) अखिल अरोड़ा

(C) सुधांशु पंत

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦राजस्थान के जोधपुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय नेता प्रो. गौरव वल्लभ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद में सदस्य मनोनीत किया गया है।

♦परिषद का कार्यकाल दो वर्ष या अगले आदेश तक रहेगा।
प्रधानमंत्री को आर्थिक और संबंधित मुद्दों पर सलाह देने के लिए यह परिषद एक सर्वोच्च संस्था है।

♦ अब प्रो. वल्लभ भारत सरकार (विशेष रूप से प्रधानमंत्री) को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के आर्थिक एवं संबंधित मुद्दों पर सलाह प्रदान करने का कार्य आर्थिक सलाहकार परिषद के माध्यम से करेंगे।

♦ वर्तमान में परिषद के अध्यक्ष अर्थशास्त्रीय एस महेंद्र देव है।

02.मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के किस जिले में स्टोन पार्क की स्थापना के लिए रीको को भूमि आवंटित करने की स्वीकृति दी है?

(A) बूंदी

(B) कोटा

(C) नागौर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बूंदी जिले की तालेड़ा तहसील के कछालिया ग्राम में स्टोन पार्क की स्थापना के लिए 47.07 हैक्टेयर भूमि राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोग निगम लिमिटेड (रीको) को आवंटित करने की स्वीकृति दी है।

♦बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के क्रम में राज्य सरकार का यह निर्णय प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करेगा।

♦ स्टोन पार्क की स्थापना से क्षेत्र में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा खनिज आधारित उद्योगों को एक संगठित मंच उपलब्ध होगा।

**03. राजस्थान में पहली बार जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 'राजस्थान रनवे फेस्ट' का आयोजन कब से किया जा रहा है?**

(a) 21 जून से

(b) 19 जून से

(c) 14 जून से

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान की समृद्ध लोककला और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए **पहली बार जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 'राजस्थान रनवे फेस्ट'** का आयोजन किया जा रहा है।

♦ 14 जून से 22 जून तक चलने वाले इस नौ दिवसीय महोत्सव में हर शाम टर्मिनल-2 पर रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी।

♦फेस्ट में राजस्थान के विभिन्न अंचलों से आए लोक कलाकार पारंपरिक संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियां देंगे

04.राजस्थान सरकार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के लिए किसको ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है?

(a) डॉ. सौम्या गुर्जर

(b) रूमा देवी

(c) अवनी लेखरा

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के लिए ग्रेटर नगर निगम की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।
- योग दिवस की सफलता के लिए सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से जन-जन को योग के प्रति जागरूक करने के लिए महापौर को ब्रांड एंबेसडर नियुक्ति किया गया है।
- 14-15 जून को 30 घंटे योग कर नया कीर्तिमान भी बनाया जाएगा। इसमें 100 से अधिक योग संस्थाएं भाग लेंगी।

**05.राजस्थान का पहला संत कबीर शोध केंद्र प्रदेश के किस जिले में खुलेगा?**

(A) भरतपुर

(B) कोटा

(C) उदयपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➡कोटा में प्रदेश का पहला संत कबीर शोध केंद्र खुलेगा। इसके लिए केडीए ने मुकुंदरा विहार में 3200 वर्ग मीटर का भूखंड आवंटित कर रखा है।

♦इस शोध केंद्र का प्रोजेक्ट करीब 20 करोड़ का बना है, जो प्रशासन, भामाशाह, जनसहयोग से तैयार किया जाएगा।

♦कोटा में खुलने वाले इस शोध केंद्र के माध्यम से विद्यार्थियों को संत कबीर के जीवनं, साहित्य पर शोध में सहायता मिलेगी। कबीर की गायिकी, दोहों से युवाओं को अवगत कराया जाएगा।

06.राजस्थान में किस जिले के अग्रणी गोल्फर पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने ऑल इंडिया एवीटी टूर गोल्फ टूर्नामेंट में अपनी श्रेणी में ट्रॉफी जीती है?

(A) बीकानेर

(B) जयपुर

(C) जोधपुर

(D) इनमें से कोई नही




GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- ♦ सेवानिवृत्त आईजी बीएसएफ और बीकानेर के अग्रणी गोल्फर पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने ऑल इंडिया एवीटी टूर गोल्फ टूर्नामेंट में अपनी श्रेणी में ट्रॉफी जीती है।
- ♦यह टूर्नामेंट 11 जून तक कर्नाटक गोल्फ एसोसिएशन (केजीए) गोल्फ कोर्स बेंगलुरु में आयोजित किया गया था।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

07.राजस्थान में किस जिले की 85 वर्षीय सुवा दाई माँ को अन्तर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर 11 मई, 2025 को सम्मानित किया गया?

(A) अजमेर

(B) उदयपुर

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

➥ अजमेर के रूपनगढ़ के कोटड़ी गाँव की 85 वर्षीय सुवा दाई माँ ने विगत छह दशकों में 2800 से अधिक बच्चों का सुरक्षित प्रसव कराकर निःस्वार्थ सेवा और मातृत्व की अद्भुत मिसाल कायम की है।

♦उन्हें उपमुख्यमंत्री. दीया कुमारी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर 11 मई, 2025 को सम्मानित किया गया।

08.भारत का कौनसा राज्य आयुष आधारित स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी राज्य है?

(a) हरियाणा

(b) मध्यप्रदेश

(c) राजस्थान

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦आयुष अवसंरचना और आउटरीच में राजस्थान अग्रणी राज्य

♦राजस्थान आयुष आधारित स्वास्थ्य सेवाओं में अग्रणी राज्य बना है।

♦1-2 मई, 2025 को लोनावाला में आयोजित 'राष्ट्रीय आयुष मिशन कॉन्क्लेव' में राज्य के आयुष अवसंरचना और ग्रामीण क्षेत्रों तक सेवाओं की पहुँच की सराहना की गई।

♦राजस्थान ने देश में सर्वाधिक 2019 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) स्थापित किए, जिनमें 50 को एनएबीएच प्रमाणन मिला।

**09.भारत का पहला ई-वेस्ट इको पार्क कहां बनाया जाएगा?**

(a) नई दिल्ली

(b) जयपुर

(c) बैंगलुरू

(d) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

♦दिल्ली में बनेगा भारत का पहला ई-वेस्ट इको पार्क

♦दिल्ली इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट से स्थायी रूप से निपटने के लिए होलम्बी कलां में ई-वेस्ट इको पार्क शुरू करेगी। 11.4 एकड़ में फैली यह सुविधा वार्षिक रूप से 51,000 मीट्रिक टन ई-अपशिष्ट का प्रसंस्करण करेगी।

♦150 करोड़ रुपये के निवेश के साथ, पार्क का लक्ष्य 350 करोड़ रुपये का राजस्व उत्पन्न करना है।

♦एक बार चालू हो जाने पर, पार्क दिल्ली के लगभग 25 प्रतिशत ई-अपशिष्ट का प्रबंधन करेगा।

**10. हाल ही में किस देश को 12वें BRICS संसदीय मंच 2026 की मेजबानी सौंपी गई?**

(a) भारत

(b) श्रीलंका

(c) चीन

(d) रूस

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦हाल ही में, 11वां BRICS संसदीय मंच ब्राजील के ब्रासीलिया में आयोजित किया गया

11वां ब्रिक्स संसदीय मंच 4-5 जून 2025 को ब्राजील के ब्रासीलिया में आयोजित किया गया, जिसमें भारत सहित सभी 10 सदस्य देशों की संसदों ने भाग लिया।

♦भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया, साथ ही एक उच्च स्तरीय संसदीय दल भी इसमें शामिल था।

♦भारत को 12वें BRICS संसदीय मंच 2026 की मेजबानी सौंपी गई।

**Today, Quiz:**

**Q. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत अपात्र व्यक्ति के स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिए गिव अप' अभियान में राजस्थान का कौनसा जिला शीर्ष पर है?**

(a) जयपुर

(b) जोधपुर

(c) बीकानेर

(d) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine